हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 3 मई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 प्रशासन गांव की ओरः पिपरी में कलेक्टर...




05 जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता लापरवाह...




## खबर संक्षेप में

### मोटर रिवाइंडिंग सर्विस कैंप का आयोजन 4 को

**नलखेड़ा।** बैंक ऑफ इंडिया स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), आगर-मालवा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के माध्यम से मोटर रिवाइंडिंग सर्विस कैंप का आयोजन 4 मई को किया जाएगा। यह कैंप सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बैंक ऑफ इंडिया परिसर, बड़ौद रोड, आगर में आयोजित होगा। कैंप में नागरिकों को पंखा (सीलिंग एवं टेबल फैन) रिपेयर, मोटर रिपेयर एवं रिवाइंडिंग (वाइंडिंग कार्य) सहित तकनीकी परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएंगी। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा यह सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। संस्थान द्वारा जानकारी दी गई है कि मरम्मत कार्य हेतु आवश्यक सामग्री संबंधित हितग्राहियों को स्वयं लानी होगी। आरसेटी द्वारा जिले के समस्त ग्रामवासियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क सर्विस कैंप का लाभ प्राप्त करें।

### जिले में नियुक्त किए 19 चार्ज अधिकारी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना 2027 का प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। जनगणना के प्रथम चरण के लिए सीहोर जिले में 19 चार्ज अधिकारी नियुक्त किये गये है। जिसमें 10 तहसील ग्रामीण स्तरीय चार्ज अधिकारी एवं 09 नगरीय स्तरीय चार्ज अधिकारी शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक (HLBs) 1981 एवं नगरीय क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक (HLBs) 424 बनाये गये हैं।

### भीषण गर्मी में घंटों इंतजार को मजबूर किसान, गाइड लाइन कागजों तक सीमित, अन्नदाता झेल रहा परेशानी की मार

# उपार्जन केंद्रों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें, पानी और छांव के नहीं पर्याप्त इंतजाम, मजदूरों की भी कमी

दो महीनों से गेहूं खेत और खलिहानों में रखा हुआ है। पहले सर्वर की समस्या से परेशान रहे, अब जब स्लॉट मिल रहा है तो केंद्रों पर अव्यवस्थाएं नई मुसीबत बनी हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की व्यवस्था किसानों के लिए राहत से ज्यादा परेशानी बनती जा रही है। एक ओर स्लॉट बुकिंग की जटिल प्रक्रिया से जूझ रहे किसान, तो दूसरी ओर उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्थाओं का अंबार—कहीं मजदूर नहीं, कहीं पर्याप्त हिम्माल (लोडिंग-अनलोडिंग व्यवस्था) का अभाव। नतीजा यह कि किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में गेहूं लेकर घंटों कतार में खड़े रहने को मजबूर हैं।

शुक्रवार को भैरूंदा तहसील के जमना पाराशर एंड संस, भादाकुई उपार्जन केंद्र पर हालात बदहाल नजर आए। केंद्र के बाहर 20 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कतार में खड़ी थीं। किसान महेश पटेल ने बताया कि मजदूरों की कमी के कारण खरीदी की रफ्तार बेहद धीमी है। "घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है, नंबर कब आएगा कोई तय नहीं। रातभर जागकर स्लॉट बुकिंग करते हैं, फिर यहां आकर इंतजार करना पड़ता है," उन्होंने कहा।

हरिभूमि लाइव

केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी चिंताजनक मिली। तेज धूप से बचाव के लिए टेंट की जगह छोटी सी तिरपाल बंधी थी, जबकि बैठने के लिए मात्र 4×6 फीट का एक लकड़ी का तख्त रखा था, जिस पर एक समय में 2-4 किसान ही बैठ सकते हैं। बाकी किसान खुले आसमान के नीचे गर्मी झेलने को मजबूर हैं। वहीं, खरीदी के लिए उपयोग किए जा रहे बारदान भी पुराने और फटे हुए मिले, जिससे अनाज के खराब होने का खतरा बना हुआ है। किसानों का कहना है कि इस अव्यवस्था से उनकी मेहनत की फसल को नुकसान हो सकता है। इसी तरह दूसरे केंद्र आकाश एग्रीकटेक पर भी स्थिति अलग नहीं रही। यहां भी मजदूरों की कमी साफ दिखाई दी। करीब 10 किसान अपनी उपज लेकर पहुंचे थे, लेकिन खरीदी की प्रक्रिया बेहद धीमी रही। किसान रामकृष्ण पटेल ने बताया, "पहले स्लॉट बुकिंग के लिए रातभर मोबाइल पर नजर रखनी पड़ती है, फिर यहां आकर घंटों लाइन में लगना पड़ता है। दोहरी मार झेल रहे हैं किसान।" किसानों का कहना है कि पिछले दो महीनों से गेहूं खेत और खलिहानों में रखा हुआ है। पहले सर्वर की समस्या से परेशान रहे, अब जब स्लॉट मिल रहा है तो केंद्रों पर अव्यवस्थाएं नई मुसीबत बन गई हैं।



#### ग्राउंड रिपोर्टिंग में सामने आई प्रमुख समस्याएं

- केंद्रों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें
- मजदूरों और हिम्माल की कमी से धीमी खरीदी
- स्लॉट बुकिंग की जटिल और समय लेने वाली प्रक्रिया
- छांव, पानी और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव

#### गाइड लाइन का पालन नहीं, जवाबदेही तय नहीं

दोनों केंद्रों पर सरकार की गाइडलाइन का पालन होता नजर नहीं आया। न तो पर्याप्त मजदूर, न छांव की व्यवस्था, न ही बैठने और पानी की समुचित सुविधा। खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जिम्मेदारी का अभाव साफ दिखा।

#### किसान बोलेःयोजना अच्छी, लेकिन व्यवस्था कमजोर

सरकार की समर्थन मूल्य योजना किसानों के लिए लाभकारी मानी जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की कमी से यह योजना किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है।

#### फटे-पुराने बारदान से अनाज खराब होने का खतरा

भीषण गर्मी में किसान अपनी उपज बेचने के लिए हर मुश्किल सहने को मजबूर है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से हालात सुधारने के ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे।

#### खरीदी केंद्रों पर है व्यवस्था

शासन नियम अनुसार उपार्जन केंद्रों पर खरीदी प्रकिया जारी है, स्लॉट बुकिंग की समस्याएं आने से काम करने आए मज़दूर वापस लौट गए थे। किसानों के स्लॉट बुकिंग हो रहे हैं। केंद्रों पर छांव पानी की व्यवस्था भी है किसान अपने वाहनों पर ही बैठना पसंद करता है।

**कैलाश पंवार**, बोरखेड़ाकलां समिति प्रबंधक

## विद्या प्रतिष्ठान व ग्राम भारती की वार्षिक साधारण सभा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा एवं ग्राम भारती शिक्षा समिति मालवा की वार्षिक साधारण सभा बैठक नलखेड़ा में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा, प्रांतीय संगठन मंत्री योगेश शर्मा एवं अध्यक्षद्वय प्रकाशचंद्र धनगर, सौभाग्यसिंह ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। बैठक में गत वर्ष सम्पन्न साधारण सभा बैठक की कार्यवाही का वाचन एवं सत्र 2025-26 का प्रगति प्रतिवेदन सचिवद्वय गोपाल काकाणी एवं ब्रम्हानंद पाराशर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

2025-26 का वार्षिक आय-व्यय एवं आगामी सत्र का बजट कोषध्यक्षद्वय राकेश भावसार एवं धनसिंह धनगर द्वारा प्रस्तुत किया गया। सभी विषयों की प्रस्तुति पॉवर प्रजेंटेशन के माध्यम से हुई। सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा ॐ की ध्वनि के साथ प्रस्तुत सभी विषयों का समर्थन किया। बैठक में अवन्तिका प्रकाशन न्यास, उज्जैन द्वारा प्रकाशित अवन्तिका दैनंदिनी का विमोचन अखिलेश मिश्रा, योगेश शर्मा, प्रकाशचंद्र धनगर, सौभाग्यसिंह ठाकुर, गोपाल काकाणी, धनसिंह धनगर, राकेश भावसार द्वारा किया गया। आभार सह सचिवद्वय अनुराग जैन एवं विष्णु आर्य के द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में सभी सदस्यगणों की उपस्थिति रही। कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।



## मक्के से भरा ट्रक पलटा, थाना के सामने हुआ हादसा, ड्राइवर को आ गई थी नींद की झपकी



### भीलवाड़ा जा रहा था वाहन

**इछावर।** थाना के ठीक सामने आज सुबह लगभग आठ बजे एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया। भेरूंदा मंडी से मक्का भरकर राजस्थान के भीलवाड़ा जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना के समय सड़क पर भीड़ कम होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई।

बताया जा रहा है कि चालक को नींद का झोंका आ गया था, जिससे वह स्टयरिंग पर नियंत्रण खो बैठा।

ट्रक सीधे थाने के सामने पलटा। अगर दिन का समय होता या सड़क पर अन्य वाहन होते तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। ट्रक में भारी मात्रा में लगभग 42 टन मक्का भरा हुआ था, जो पलटने के बाद सड़क पर बिखर गया।

हादसे में ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, यह ट्रक भेरूंदा से मक्का लेकर भीलवाड़ा (राजस्थान) की ओर रवाना हुआ था। सुबह की शांति के बीच अचानक हुए इस शोर से आसपास के लोग और थाने का स्टाफ तुरंत मौके पर पहुँचा। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को रास्ते से हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है ताकि यातायात बाधित न हो।

## जल संकट के बीच टंकी ओवरफ्लो हजारों लीटर पानी बहा, नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप



**सीहोर।** शहर में जल संकट के बीच शुक्रवार को नगर पालिका की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मुरली क्षेत्र स्थित पानी की टंकी एक बार फिर ओवरफ्लो हो गई, जिससे हजारों लीटर पेयजल सड़कों पर व्यर्थ बह गया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब शहरवासी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

स्थानीय निवासियों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि टंकी का बार-बार ओवरफ्लो होना यह दर्शाता है कि संबंधित कर्मचारी और अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। भीषण गर्मी में गिरते जलस्तर के बीच इस तरह पानी की बर्बादी को एक गंभीर अपराध माना जा रहा है।

**सीवन नदी पूरी तरह सूख चुकी :** मई की शुरुआत के साथ ही जिले में जल संकट और गहरा गया है। हालात इतने खराब हैं कि महिलाओं को पानी के लिए लंबी दूरी तक पैदल चलना पड़ रहा है। प्रशासन के दावों के बावजूद, जमीनी हकीकत प्यासी नजर आ रही है। शहर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली सीवन नदी भी इस समय पूरी तरह सूख चुकी है, जिससे संकट और बढ़ गया है।

जिले में भूजल स्तर खतरनाक स्तर तक गिर गया है। रिपोर्टों के अनुसार, कई क्षेत्रों में जल स्तर 10 से 20 मीटर से भी नीचे चला गया है। बड़ी संख्या में हैंडपंप या तो सूख चुके हैं या तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैं।

### जिला स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव आयोजित, बालिकाओं को सम्मानित कर पौधरोपण किया

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी को लेकर शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिला पंचायत स्थित एनआरएलएम भवन में शुक्रवार को जिला स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आभा चोपड़ा एवं मीना स्वर्णकार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी लाड़ली लक्ष्मी योजना के उद्देश्य, लक्ष्य एवं कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जिले में पंजीकृत लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं के सम्मान में जिला एवं पंचायत स्तर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण यह रही कि मंच संचालन स्वयं लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली बालिकाओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।






मुख्य अतिथि द्वारा बालिकाओं को पौधरोपण, उच्च शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु शपथ दिलाई गई। बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक लाड़ली लक्ष्मी योजना से संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज कराई।



साथ ही अतिथियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के अंत में परियोजना अधिकारी मनीषा चौबे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समस्त पर्यवेक्षकगण एवं बड़ी संख्या में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया, बालिकाओं से कराया पौधरोपण





**नलखेड़ा।** विकासखंड के हर आंगनबाड़ी केंद्र पर मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। परियोजना स्तरीय कार्यक्रम शहरी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 7 पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों की लाड़ली लक्ष्मी योजना की लाभान्वित सभी ऐसी बालिकाएं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों का प्रदर्शन किया है तथा 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त की है, उन सभी बालिकाओं को सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड 7 डोकरपुरा में लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं से पौधरोपण कराया गया। जिसमें लाड़ली बालिकाएं खुशी प्रजापति, हिमांशी कसेरा,प्रविका,चेतना, डॉली, काव्या, मुस्कान, मनीषा परमार, दीपांशी कुंभकार, हेमा सोनी व सेक्टर सुपरवाइजर आशा मालवीया और मीना जमरे साथ ही कार्यकर्ता मोनिका बैरागी, मयूरी जैन, रेखा परमार, मनीषा अग्रवाल, सोना मेघवाल, मुक्ता यादव, संतोष देवड़ा, तृप्ति जैन आदि उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति और विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन में नशा मुक्ति तथा श्रमिकों के अधिकार एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर प्रशिक्षण सह विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि नशा विनाश का द्वार है, विशेषकर युवा वर्ग नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा जीवन को बर्बाद करने वाला तथा अपराधों के घटित होने का मूल कारण है। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय वैभव मंडलोई ने कहा कि पेरा लीगल वॉलिंटियर्स की आमजन को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने नालसा डॉन - **Drug Awareness and Wellness Navigation Scheme**, 2025) और नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 के बारे में जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### जनगणना 2027 का शुरू हुआ प्रथम चरण 30 तक रहेगा जारी



**देवास।** जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्य 1 मई से प्रारंभ हो गया। यह चरण मकान सूचीकरण का है जो 30 मई तक चलेगा। नगर निगम देवास अंतर्गत नगरीय क्षेत्र को कुल 440 जनगणना ब्लॉकों में बांटा गया है। प्रत्येक ब्लॉक के लिए 1-1 प्रगणक की नियुक्ति की गई है। इस तरह कुल 440 प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। कार्य के सुपरविजन के लिए प्रत्येक 6 ब्लॉक पर 1 पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। कुल 69 पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। प्रत्येक प्रगणक अपने आवंटित ब्लॉक में स्थित प्रत्येक भवन का सर्वेक्षण कर निर्धारित जानकारी एकत्रित करेंगे। 1 मई से सभी प्रगणकों ने अपने अपने गणना ब्लाकों का भ्रमण, ब्लॉक-वार्ड की पहचान और भवनों पर नंबर अंकित करने का काम आरंभ किया। इसके बाद 4 मई से प्रगणक फील्ड में जाकर जानकारी एकत्रित करने का कार्य शुरू करेंगे। नगर निगम देवास के प्रमुख जनगणना अधिकारी, आयुक्त दलीप कुमार ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि प्रगणकों को 0 जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें।

### नर्मदा परिक्रमा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए शौचालय व्यवस्था करने 3 लाख रुपए की सहायता दी

# प्रशासन गांव की ओर: पिपरी में कलेक्टर की चौपाल, शासन की योजनाओं और जनसमस्याओं पर किया सीधा संवाद

### पिपरी की भजन मंडली के पास वाद्य यंत्र के अभाव पर 50 हजार रूपए की सहायता राशि दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा







ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे सुनने और शासन की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुँचाने के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने उदयनगर तहसील की ग्राम पंचायत पिपरी में 'रात्रि ग्राम चौपाल' का आयोजन किया।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने न केवल ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं, बल्कि अधिकारियों को मौके पर ही उनके त्वरित और निष्पक्ष निराकरण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर सिंह ने ''ग्राम चौपाल'' में एक-एक कर ग्रामीणों से संवाद किया। सिंह ने स्वयं ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी मांगों और समस्याओं को समझा। ''ग्राम चौपाल'' के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, मूलभूत सुविधाओं तथा स्थानीय आवश्यकताओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप ग्राम चौपाल की पहल केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रही बल्कि ग्रामीणों के बीच बैठकर संवाद स्थापित करने, उनकी वास्तविक समस्याओं को समझने और त्वरित समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने का माध्यम बनी। चौपाल में किसानों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने खुलकर अपनी बात रखी। प्रदेश सरकार का प्रमुख लक्ष्य "शासन की सेवाएं घर-घर तक पहुंचाना" अब व्यवहार में उतरता नजर आ रहा है। कलेक्टर सिंह ने ग्रामीणों को ग्राम चौपाल के आयोजन के पीछे की मंशा बताते हुए कहा कि प्रशासन का लक्ष्य जनता के द्वार तक पहुँचकर उनकी समस्याओं को हल करना है। हम आपकी समस्याओं के निराकरण एवं ग्रामीण परिवेश को जमीनी स्तर पर जानने के लिए 100 किलोमीटर दूर आए हैं । सभी ग्रामवासियों ने चौपाल के माध्यम से अपने ग्राम की समस्या से रूबरू कराया।

#### बच्चों को नशे से दूर रखे

कलेक्टर सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए सभी ग्रामवासियों को एकत्रित होकर युवाओं को जागरूक करना होगा, गांव की सभी माताओं और बुजुर्गों को समाज की इस कुप्रथा को दूर करने के लिए युवाओं को जागरूक करना होगा। प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा सभी लोगों को अपने बच्चों के भविष्य के लिए उन्हें कम से कम एक घंटे रोज घर में पढ़ने के लिए जागरूक करें। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, विद्यालय और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। जिनके बच्चे घर से बाहर पढ़ाई और जॉब कर रहे है उनकी सराहना भी की। सिंह ने नशे में गाड़ी न चलाने और हेलमेट पहन कर गाड़ी चालने के लिए जागरूक किया । उन्होंने कहा नशे में गाड़ी चलने से बहुत रोड एक्सीडेंट होते है जिसके कारण उनके घर वालो को परेशान होना पड़ता है। खास कर यदि वह घर का मुखिया हो, उन्होंने गसभी से आग्रह किया कि यदि घर से बाहर गाड़ी से निकले तो हेलमेट पहन कर ही निकले। हेलमेट से बहुत सुरक्षा होती है, सभी ग्रामवासियों ने कलेक्टर श्री सिंह की बात पर सहमती जताई।

#### रुकने और भोजन की व्यवस्था

कलेक्टर सिंह ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए ग्रामवासियों द्वारा क्या व्यवस्था की जाती है। जिस पर बताया गया कि गांव में नर्मदा माता का मंदिर है। जिसमें सनातन विचार मंच समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए रूकने एवं भोजन की व्यवस्था की जाती है। समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है। इस पर कलेक्टर सिंह ने संवेदनशीलता बताते हुए सनातन विचार मंच समिति को शौचालय बनवाने के लिए 03 लाख रुपए की सहायता प्रदान की। ग्राम चौपाल में कलेक्टर सिंह के समक्ष भजन मंडली के सदस्य रूखा पवार द्वारा लोकगीत सुनाया गया और उनके द्वारा बताया गया कि मंडली में भजन सामग्री का अभाव है। जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने तत्काल मंडली को 50 हजार रूपए की सहायता प्रदान की। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं से अवगत कराने पर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। खुले आसमान के नीचे रात्रि चौपाल के समापन पर कलेक्टर सिंह ने ग्रामीणों के साथ बैठकर पारंपरिक भोजन किया। विशेष बात यह रही कि कलेक्टर सहित जिले के सभी आला अधिकारियों ने रात्रि विश्राम गांव में खुले आसमान के नीचे किया, ताकि वे ग्रामीण परिवेश और जमीनी चुनौतियों को बारीकी से समझ सकें।

# शमशाबाद संगठन सृजन को मिली नई मजबूती निर्मल पुरोहित विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, संगठन महामंत्री संजय कामले के मार्गदर्शन में विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में संगठन सृजन का पायलट प्रोजेक्ट प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत आधार देने के उद्देश्य से कांग्रेस नेता निर्मल पुरोहित को विधानसभा प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति की जानकारी स्वयं निर्मल पुरोहित ने देते हुए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि संगठन सृजन की इस महत्वाकांक्षी योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कर कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। निर्मल पुरोहित ने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा, ताकि पार्टी की नीतियां और विचारधारा आमजन तक बेहतर तरीके से पहुंच सके। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गोपाल भोसले, पीसीसी सदस्य मनोज होलानी, ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु मीणा, पूर्व जिला कांग्रेस महामंत्री अभिषेक भट्ट, अभिषेक जोशी, योगेश पटौदी, अंकुश शारदा सहित अनेक कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने निर्मल पुरोहित को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# कलेक्टर सिंह ने अलसुबह ग्राम पंचायत पिपरी का भ्रमण कर शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का जमीनी स्तर पर किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शनिवार अलसुबह ग्राम पंचायत पिपरी का भ्रमण कर शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने न केवल ग्रामीण परिवेश को करीब से समझा, बल्कि सीधे संवाद कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने बुनियादी सुविधाओं और विकास परियोजनाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने नल-जल योजना के तहत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए पाइपलाइन और जल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। ग्राम के प्रमुख मार्गों के निर्माण और विद्युत संबंधी समस्याओं को दूर करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। सिंह ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय तालाबों का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना पर चर्चा की। वन क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक पट्टा नियमों के तहत सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों के संबंध में ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को अपने बीच पाकर प्रसन्नता व्यक्त की और बुनियादी ढाँचे में सुधार हेतु अपने सुझाव साझा किए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# होलानी अध्यक्ष, बियानी सचिव नियुक्त, माहेश्वरी समाज कांटाफोड़ में निर्विरोध चुनाव हुए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के निर्देशानुसार स्थानीय इकाइयों के गठन की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को कांटाफोड़ में माहेश्वरी समाज के चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गए। सर्वसम्मति से हुए इस निर्वाचन के बाद वर्ष 2026-29 सत्र के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश होलानी एवं सचिव पद पर दीपक बियानी को निर्विरोध चुना गया।

वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में ब्रजमोहन सिंगी एवं द्वारकादास सिंगी को जिम्मेदारी सौंपी गई। नई टीम में सहमंत्री पद पर नितिन सिंगी, कोषाध्यक्ष के रूप में कन्हैयालाल पसारी, संगठन मंत्री के रूप में श्रीराम नागौरी तथा प्रचार मंत्री के रूप में शलभ गौरानी को नियुक्त किया गया।संरक्षक मंडल में शैलेष होलानी, गिरधरगोपाल बियानी एवं कैलाशचंद्र सिंगी को शामिल किया गया है। वहीं जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश होलानी, पुरुषोत्तम बियानी, सुरेश सिंगी, अजय सिंगी, प्रमोद गट्टानी एवं कैलाशचंद्र सिंगी को स्थान दिया गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में अमित मालू (लोहारदा) एवं द्वारका सारडा (लोहारदा) उपस्थित रहे, जबकि चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी दिनेश सिंगी ने निभाई।निर्विरोध चुनाव के बाद समाजजनों में उत्साह का माहौल रहा।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विनय सिंगी, मनोज होलानी सुशील पंसारी, रंगेश बियानी, सोनू होलानी, जीतू सिंगी, रौनक तोतला,आशीष सिंगी सुमित नागौरी, शरद नागौरी, राम सिंगी दिनेश बियानी एवं हिमांशु होलानी सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि स्थानीय स्तर पर गठित इस इकाई के आधार पर ही आगामी दिनों में जिला एवं प्रादेशिक माहेश्वरी महासभा के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।

# 90 गांव को मिलेगा शुद्ध पानी, 4150 लाख स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी पहल हुई है। बागली के प्रसिद्ध जटाशंकर तीर्थ स्थल से निकलने वाली खारी नदी पर पेयजल टैंक (बांध) निर्माण को लेकर प्रयास अब सफल होते नजर आ रहे हैं। संयुक्त कृषक संगठन की लगातार मांग और प्रयासों के चलते इस परियोजना को साध्यता स्वीकृति मिल गई है।

संयुक्त कृषक संगठन के जिला मंत्री शांतिलाल पाटीदार ने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा तकनीकी निरीक्षण के बाद जटाशंकर टैंक के निर्माण के लिए मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल से 4150 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। विभागीय सर्वे के अनुसार प्रस्तावित टैंक में 5.44 एमसीएम जल संग्रहण क्षमता होगी।इस परियोजना के तहत लगभग 50 हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग किया जाएगा। बांध का निर्माण जटाशंकर तीर्थ के नीचे डांगरा खेड़ा गांव के ऊपर प्रस्तावित है। इसके पूर्ण होने पर बागली तहसील की 35 पंचायतों के करीब 90 गांवों को पर्याप्त और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। शुक्रवार को जल निगम इंदौर की आयुषी जैन एवं जल संसाधन विभाग बागली की शिवानी ने स्थल का निरीक्षण किया।

अधिकारियों के अनुसार टैंक का उपयोग केवल पेयजल आपूर्ति के लिए किया जाएगा। लंबे समय से प्रयासरत किसानों संगठन के पदाधिकारियों में अब उम्मीद जगी है कि यह परियोजना जल्द धरातल पर उतरेगी और क्षेत्र की जल समस्या का स्थायी समाधान होगा। इसमें प्रदेश संगठन मंत्री नारायणी यादव, जिला मंत्री शांतिलाल सोलिया, तहसील मंत्री किशनलाल यादव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### अमलतास पैरामेडिकल कॉलेज में 'कम्युनिकेशन स्किल' पर वैल्यू एडेड कोर्स संपन्न

# विद्यार्थियों ने सीखे संवाद के गुर, बताई सफलता की कुंजी






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के अंतर्गत संचालित अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में 30 अप्रैल को विद्यार्थियों के कौशल विकास के उद्देश्य से "कम्युनिकेशन स्किल" विषय पर एक दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आधुनिक युग में संचार की भूमिका को समझा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. रत्ना शर्मा ने अपने व्याख्यान में संचार के विभिन्न माध्यमों, तकनीकों और 'कम्युनिकेशन बैरियर्स' पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संवाद के दौरान उत्पन्न होने वाली गलतफहमियों को प्रभावी तरीके से कैसे दूर किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि "सही संचार कौशल न केवल प्रोफेशनल करियर में सफलता दिलाता है, बल्कि व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।" यह आयोजन पैरामेडिकल कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. स्नेहा सहाय युथम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पैरामेडिकल स्टाफ का मरीजों और डॉक्टरों के साथ संवाद अत्यंत संवेदनशील होता है।

इसलिए विद्यार्थियों को निरंतर अपने संचार कौशल को विकसित करना चाहिए। संस्थान के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए संदेश दिया कि चिकित्सा क्षेत्र में सेवा भाव के साथ-साथ सटीक संवाद कुशलता एक सफल पैरामेडिकल प्रोफेशनल की पहचान है। उन्होंने ऐसे कौशल विकास कार्यक्रमों को भविष्य के लिए बेहद जरूरी बताया।

इस अवसर पर डॉ. अंजलि मेहता, डॉ. नेहा गौर, डॉ. पूजा वर्मा, शकुंतला मण्डलोई, सूरज शर्मा, अमन कुरैशी, टीना चौधरी एवं पलाश मंडाड सहित कॉलेज का स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने फीडबैक देते हुए इसे ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। उनका कहना था कि ऐसे आयोजनों से उन्हें पाठ्यक्रम के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल सीखने का अवसर मिलता है।

# नगर में सात दिवसीय महायज्ञ हुआ प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर के नेमावर रोड़ पर स्थित प्राचीन गणेश मंदिर पर नवीन मंदिर भवन निर्माण के बाद गणेश परिवार प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शनिवार को यज्ञाचार्य ऋषि राज शर्मा, अरुण शर्मा के उपस्थिति में श्री गणेश महायज्ञ प्रारंभ किया गया।

इस दौरान विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ अग्नि प्रज्वलित कर महायज्ञ प्रारंभ किया। महायज्ञ में 11 यजमान जोड़ पर बैठे हैं, जो कि प्रतिदिन यज्ञ में आहुति देंगे। साथ ही बागली रोड पर ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर शिव महापुराण कथा भी प्रारंभ की गई जिसमें तथा कथा वाचक अजय शर्मा द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। सभी नगर वासियों के सहयोग से नवीन मंदिर भवन का निर्माण किया गया है जिसमें सभी के सहयोग से उक्त आयोजन किया जा रहा है।

### ग्राम निवानिया में यादव अहीर समाज का ऐतिहासिक सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

# यादव समाज के प्रदेश स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 125 जोड़े बंधन में बंधे

**गुजरात के जोड़े ने भी लिए फेरे, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री ने भी दिया वर-वधुओं को आशीर्वाद**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ग्राम निवानिया में यादव अहीर समाज का 36 वॉ प्रदेश स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन बुधवार-गुरूवार रात्रि में सम्पन्न हुआ। जिसमें समाज के 125 वर-वधू के जोडे सामूहिक विवाह सम्मेलन में पवित्र बंधन में बंधकर अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर एक-दूजे का हाथ थामकर सात-पांच वैदिक वचनों के बीच जीवन भर साथ रहने का संकल्प लिया। सम्मेलन में शाम होते ही दूल्हा-दुल्हनों का आगमन शुरू हो गया। जिसमें सर्वप्रथम गोविंद यादव ग्राम राजपुरा जिला गुना ने सम्मेलन में आकर आयोजन समिति द्वारा रखा गया पुरस्कार प्राप्त किया। एक साथ इतने बडे. स्तर पर आयोजित इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज की एकजुटता और संगठन शक्ति का प्रभावषाली उदाहरण देखने का मिला है। जिससे समाज में होने वाले फिजूल खर्ची पर रोक लगाने की कोषिस की गई। जहा पर गुजरात के कल्याणपुर से एक जोड़े ने आकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी की। उन्होने कहा कि यहा पर अनावष्यक दहेज की मांग नहीं की जाती और समाज के सभी दूल्हों के साथ शादी करने का आनंद ही कुछ ओर है।

#### आकर्षक ढंक से सजाया सम्मेलन स्थल, स्वर्ग उतार दिया धरती पर

ग्राम निवानिया में हुए इस आयोजन को समाज के कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन स्थल का इस प्रकार से साजाया कि मानो स्वर्ग को धरती पर ला दिया, जहा की भव्यता के बीच समाज के 125 नवदंपत्ति जोडे परिणय सूत्र में बंधे। इस आयोजन में हर समाज के व्यक्ति ने पहुंचकर अपना वर-वधुओं का आर्शी वचन दिया। सभी इस आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि यह आयोजन आ स्वर्ग से भी कम नहीं लग रहा। जहा उत्साह का माहौल देखने को मिला है। इस आयोजन में हजारों की संख्या में समाजजन, परिजन और अतिथि शामिल हुए। दूल्हा-दूल्हन पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे हुए जब सम्मेलन स्थल पर बनाई गए वर-वधु एन्टरी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। जहा पर वर-वधुओं के अलावा उनके परिजनों ने भी सेल्फी ली। यह आयोजन समाज के लोगों द्वारा घर की जाने वाली शादियों से भी कई गुणा अधिक उत्साह में देखने को मिला।

#### पंडाल, आवास, चिकित्सा के साथ बनाई पुलिस की अस्थाई चौकी

समिति द्वारा सम्मेलन में शामिल होने वाले वर-वधुओं के अलावा अन्य अथितियों के लिए भी पंडाल में बैठने, आवास में सोने और किसी की तबीयत खराब हो जाती है, तो चिकित्सा की सेवा और अगर कोई इस आयोजन में आकर बदमाषी या अन्य किसी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने की कोषिस करने वालों के लिए पुलिस की अस्थाई चैकी बनाकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनवाई गई थी। जहा पर एसडीओपी राकेष शर्मा, टीआई वीरेन्द्र धाकड़ पुलिस बल के साथ रातभर सुरक्षा व्यवस्था में लग रहे। इसके लिए

#### दूल्हों का ग्रहस्थी सामान के साथ हेलमेट किया भेंट

विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले दूल्हे के परिजनों को आयोजन समिति ने आवष्यक ग्रहस्थी का सामान भी दहेज के रूप में दिया गया, वहीं यादव धर्मषाला ट्रस्ट उज्जैन द्वारा मिलटन की बाटल कोषाध्यक्ष नेमंसिह द्वारा भेंट की गई। वही पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, एसडीओपी राकेष शर्मा और सिटी पुलिस थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ की पहल पर समिति द्वारा दूल्हे राजाओं को हेलमेट दिया गया। वहीं कन्यादान में 2 लाख से अधिक राषि आने पर दूल्हनों को समिति द्वारा वितरित की गई।

#### राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार, पूर्व कैबिनेट मंत्री सचिन यादव हुए शामिल

यादव समाज के विषाल, भव्य इतिहासिक इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार और कांग्रेस के पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक सचिन यादव कसरावत भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में रात्रि करीब 11 बजे पहुंचकर वर-वधुओं को आर्षीवाद दिए। वहीं आयोजन समिति ने भी मंत्री श्री पंवार और यादव का पीतांबर पहनाकर स्वागत किया। वही पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, अखिल भारतीय यादव महासभा प्रदेषाध्यक्ष देवीसिंह यादव गंजबासोदा, युवा अध्यक्ष सचिन यादव हरदा, दांगी समाज से पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, गुर्जर समाज से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसवंत गुर्जर, डिप्टी कलेक्टर सभाजीत सिंह यादव, ओबीसी महासभा प्रदेष अध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेषचंद यादव, समाज के वरिष्ठ व्यवसाय लक्ष्मीनारायण यादव सहित अन्य अथितियों का यादव समाज जिलाध्यक्ष एवं राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, अखिल भारतीय यादव महासभा प्रदेष संगठन मंत्री रामगोपाल यादव सहित समाज के अन्य सदस्यों ने पीतांबर पहनाकर स्वागत किया।

### मॉनिटरिंग में लगी टीम

## कूनो नेशनल पार्क से भटककर राजगढ़ पहुंचा नमीबियाई चीता





**राजगढ़।** देश में चीतों की संख्या बढ़ाने साल 2022 में साउथ अफ्रीका से कुछ नमीबियाई चीतों को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया था। बीते पांच सालों में इन चीतों की संख्या बढ़कर 55 से अधिक हो चुकी है। इन्हीं 55 चीतों में से केपी-3 नाम का एक चीता मार्च माह में कूना से भटकर राजस्थान पहुंच गया था। यही केपी-3 नर चीता राजस्थान के मनोहरथाना वन्य क्षेत्रों से होते हुए शुक्रवार को राजगढ़ जिले में पहुंच गया। शुक्रवार सुबह कालीपीठ क्षेत्र में इस चीते की मूवमेंट देखकर ग्रामीणों में दहशत मच गई। हालांकि, कूना से निकले इस चीते के साथ पार्क की एक विशेष टीम चीते के शरीर पर लगी लोकेशन टेकिंग डिवाइस के जरिए प्रत्येक मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है। केपी-3 नर चीते की जिले में मूवमेंट की सूचना मिलने पर स्थानीय वन विभाग भी अलर्ट मोड पर आया औरएक टीम बनाकर चीते पर नजर बनाए रखने पाबंद किया गया है। राजगढ़ रेंजर सहित वनपाल, वनरक्षकों की टीम चीते की गतिविधियों को टेस कर रही है।

#### दहशत में आए कालीपीठ क्षेत्र के ग्रामीण

शुक्रवार को जैसे ही यह नर चीता कालीपीठ क्षेत्र में नजर आया तो कई लोगों ने उसकी तस्वीर और वीडियो अपने मोबाइल में रिकार्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। वनविभाग को सूचना मिलने पर रेंजर शिवकुमार चैहान, वनपाल राजू गुर्जर, ओमप्रकाश दांगी, अर्जुन वाल्मीकी, रंजीत गुर्जर सहित अन्य कर्मचारियों की विशेष टीम बनाकर इस चीते और उसकी मूवमेंट को फॉलो करने लगाया गया।

#### शांत स्वभाव का है यह चीता

केपी-3 नर चीते के निगरानी और मॉनिटरिंग में लगी कूनो पार्क की टीम ने बताया कि यह चीता अन्य चीतों की अपेक्षा शांत स्वभाव का है। मार्च में राजस्थान पहुंचने के बाद से अब तक इसने किसी इंसान को टारगेट नहीं किया है। गुरुवार को भी चीते ने मनोहरथाना के आसपास क्षेत्र में एक बकरी का शिकार किया था। इसके पहले भी केपी-3 पर अन्य वन्य प्राणियों को अपना निशाना बनाया है।

#### डरने की आवश्यकता नहीं

वनविभाग के अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि चीते की मूवमेंट से डर या दहशत में नहीं आएं। अब तक के रिकार्ड के अनुसार यह चीता मानव बस्तियों में नहीं आया है। जीपीएस टेकिंग सिस्टम में चीते की प्रत्येक मूवमेंट सिर्फ वन्य क्षेत्र में दर्ज की गई।

#### झालावाड़ और राजगढ़ एसपी मौके पर पहुंचे

जिले के कालीपीठ क्षेत्र में जैसे ही चीते के होने की जानकारी प्रषासन विभाग को लगी तो झालावाड एसपी अमित कुमार और राजगढ एसपी अमित तौलानी चीते की मुवमेंट देखने के लिए वन क्षेत्र में पहुंचे।

### करंट ने छीनी जिंदगी

## स्टेशन ऑपरेटर की मौत से बिजली विभाग पर लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाडला/कुरावर



झाडला विद्युत वितरण केंद्र में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। महज 22 वर्षीय स्टेशन ऑपरेटर राजेश दांगी की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, झाडला निवासी राजेश दांगी पिछले दो वर्षों से विद्युत मंडल में राजस्व वसूली का कार्य कर रहे थे और हाल ही में उनका चयन स्टेशन ऑपरेटर के पद पर हुआ था। बीती रात तेज आंधी और हवा के कारण कई जगह बिजली लाइनों में फाल्ट आ गया था, जिसे सुधारने के लिए उन्हें सुबह 8 बजे ड्यूटी पर बुलाया गया। सुबह करीब 10 बजे राजेश 11 केवी लाइन के फाल्ट को सुधारने के लिए फीडर पर चढ़े ही थे कि अचानक लाइन में करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आते ही वे गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में उन्हें कुरावर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना के समय राजेश के पास आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे दस्ताने, हेलमेट और सेफ्टी शूज नहीं थे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस लाइन पर काम चल रहा था, वह अचानक चालू कैसे हो गई? स्थानीय लोगों ने इसे बिजली विभाग की घोर लापरवाही बताया है। वहीं, झाडला विद्युत केंद्र पर न तो सुरक्षा गार्ड मौजूद है और न ही सीसीटीवी कैमरे, जिससे जांच भी प्रभावित हो सकती है। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक के परिजनों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

#### क्या बोले अधिकारी

घटना के समय एक अन्य कर्मचारी भी मौजूद था और पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि आखिर इतनी बड़ी चूक कैसे हुई जिसमें.एक युवा की जान चली गई।

**चंदन मस्करे,**
कनिष्ठ अभियंता कुरावर

### बैंक बदलने के चलते समस्या

## पेंशनरों के खातों में नहीं पहुंचा बढ़ा तीन फीसदी महंगाई भत्ता

**राजगढ़।** राज्य शासन ने बीते दिवस आदेश जारी करते हुए पेंशनरों के मंहगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। यह बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता 1 मई को आने वाली पेंशन के साथ पेंशनरों के खातों में जमा होना था लेकिन अनेकों पेंशनरों के खातों में राशि क्रेडिट नहीं हो पाई। पूर्व विधायक एवं पेंशनर संघ के जिला संरक्षक रघुनंदन शर्मा ने जब पेंशनरों की इस समस्या को संज्ञान लेकर लीड बैंक बीओआई में संपर्क किया तो वहां से जवाब मिला कि उन्हें शासन से आदेश नहीं मिले हैं। उधर, हरिभूमि ने जब इस बारे में पड़ताल की तो मालूम हुआ कि एसबीआई को एग्रीगेटर बैंक बनाया गया है दूसरे शब्दों में लीड बैंक बनाया गया है। अब एसबीआई अन्य सभी बैंकों जिनमें पेंशनरों के खाते हैं, वहां से पीपीओ मंगवाएगा और उसके उपरान्त संभवतः अगले जून माह में बढे हुए मंहगाई भत्ते की राशि डिपॉजिट होकर आएगी। जिला पेंशनर कार्यालय के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है।

#### असमंजस में जिले के 6 हजार पेंशनर्स

आपको बतादें कि राजगढ़ जिले में लगभग 6 हजार पेंशनर्स हैं जिनके अलग-अलग बैंकों में खाते हैं। चूंकि, अब एग्रीगेटर बैंक एसबीआई को बना दिया गया है ऐसे में एसबीआई अन्य सभी बैंकों से पेंशनरों के पीपीओ मंगवाकर उनके खातों में बढ़े हुए मंहगाई भत्ते की राशि जमा करवाएगी। हालांकि, कई पेंशनरों के खातों में यह राशि जमा हो चुकी है।

## भीम आर्मी ने पुलिस अधीक्षक से रखी दबंगों पर कार्रवाई की मांग

**राजगढ़।** गत 19 अप्रेल को सारंगपुर क्षेत्र के आमगढ़ा गांव के कुछ दबंगों ने गोकुल प्रसाद मालवीय और उनके परिवार पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया था। इस हमले में महिलाओं सहित पूरे परिवार जन को गंभीर चोंटे आईं। मामले में पुलिस ने द्वारा आरोपियों पर की गई कार्यवाही से असंतुष्ट समाजजन और भीम आर्मी भारत एकता संगठन पदाधिकारी गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपियों पर जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किए की मांग रखी। सूरज आजाद मालवीय सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में एडिशनल एसपी के.एल. बंजारे को सौंपे गए आवेदन में उल्लेख किया कि पुलिस ने इस गंभीर मामले में साधारण मारपीट की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है। फरियादी पक्ष पूर्व से ही थाने में आवेदन देकर संभावना जता चुका था कि आरोपी उन पर कभी भी हमला कर सकते हैं।

## सीएमओ रानवे ने किया जल आपूर्ति निरीक्षण

### कर्मचारियों से कहा शुद्धता में कमी मिली तो नौकरी खा जाऊंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर में शुक्रवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दीपक रानवे ने स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। भीषण गर्मी के बीच नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पानी की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अन्यथा संबंधित कर्मचारियों की नौकरी पर कार्रवाई तय है।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ वाटर वर्क्स स्थित फिल्टर प्लांट पहुंचे, जहां सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद कर्मचारियों को फटकार लगाई। उन्होंने जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे को निर्देशित किया कि पेयजल शुद्धिकरण की प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही न हो। सीएमओ ने विशेष रूप से एलम और ब्लीचिंग पाउडर के सही उपयोग तथा नियमित क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस संवेदनशील मौसम में जलजनित बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए गुणवत्ता से समझौता बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने कालीसिंध नदी से निजी स्तर पर हो रहे अवैध जलदोहन पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलाई के अंतिम सप्ताह तक निर्बाध और शुद्ध पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहनी चाहिए। अंत में सीएमओ ने दोहराया कि यदि किसी कर्मचारी की लापरवाही सामने आई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके इस सख्त रुख से नगर पालिका अमले में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

#### जनगणना से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर रोक

राजगढ़। भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक अनिवार्य रूप से संपादित किए जाएंगे। इस अवधि में कार्य की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जारी निर्देशानुसार उक्त कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित अवधि में बिना अनुमति अवकाश पर नहीं जा सकेंगे। विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा, जिसके लिए पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। सभी कार्यालय प्रमुख एवं चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका जुबेदा सैफी को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय तलेनी में शुक्रवार को वरिष्ठ शिक्षिका जुबेदा सैफी के सेवानिवृत्ति अवसर पर गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश वीरमल, विकासखंड समन्वयक बी.एल. वर्मा, संकुल प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय, जन शिक्षक प्रदीप सोमतिया एवं रमेश तबली, बीएसी जगदीश शर्मा, धर्मेंद्र वर्मा सहित शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती जुबेदा सैफी के शैक्षणिक योगदान एवं सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर निशिगंध कंजोलिया, सविता लववंशी, सुनीता पांडेय, वैजयंती चैरसिया, रेखा गौड़, शकुंतला वर्मा,राजेंद्र शर्मा भगवान सिंह पुष्पद, नरेंद्र सिसोदिया सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल पांडेय ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन राजेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

## तीन चौकीदार फिर भी खोयरी महादेव मंदिर में चोर ने वारदात को अंजाम दिया

### भक्तों की चढ़ावा राशि निकालकर भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्र के प्रसिद्ध बैजनाथ खोयरी महादेव मंदिर में डेढ़ माह में चोरी की दूसरी घटना कारित हुई है। गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात्रि अज्ञात चोर ने वारदात को अंजाम देते हुए दोनों दानपेटियों का ताला तोड़कर भक्तों की चढ़ावा राशि निकाल ली और भाग निकला। सुबह जब कुछ श्रृद्धालु मंदिर पहुंचे तो उन्होंने मंदिर के पुजारी को घटना की इत्तिला दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाही की। यहां गंभीर बात यह है कि खोयरी महादेव मंदिर की सुरक्षा के लिए प्रशासन एव नगर पालिका द्वारा तीन चैकीदार नियुक्त कर रखे हैं लेकिन अनदेखी के चलते तीनों ही चैकीदार दिन के समय ड्यूटी करते हैं। इसी का फायदा उठाकर चोर ने वारदात को अंजाम दिया है।

#### सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

मंदिर के पुजारी पंडित उमेश शर्मा ने बताया कि चोर मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो चुका है। चोर ने रात्रि करीब 1.45 बजे मंदिर परिसर में ही रखे लोहे के पाईप के सहारे दोनों दानपेटियों के ताले तोड़े और पूरी चढ़ावा राशि निकाल ली। सीसीटीवी में दिख रहे चोर ने मुंह पर कोई नकाब नहीं लगा रखा है। ऐसे में पुलिस इसी फुटेज के सहारे चोर की तलाश में लगी हुई है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व मार्च माह में चोर ने यहां वाददात को अंजाम दिया था हालांकि, कोतवाली पुलिस ने बाद में चोर को पकड़ लिया था।

#### चौकीदार दिन में मंदिर में रहते हैं

कलेक्टेट और नगर पालिका के तीनों चौकीदार दिन के समय मंदिर में रहते हैं। अगर वे रात में रहते तो संभवतः यह चोरी नहीं हो पाती।

- पं. **उमेश शर्मा**, पुजारी, खोयरी मंदिर, राजगढ़

### कर्मचारियों ने अवकाश बताकर रोकी तुलाई, सुदीप शर्मा ने फटकार लगाई

## गेहूं खरीदी केंद्र पर तुलाई बंद, 14 ट्रैक्टर खड़े रहे विधायक प्रतिनिधि पहुंचे तो फिर काम शुरू हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर





शुक्रवार को कुरावर-काकरिया मार्ग स्थित प्रिंस वेयरहाउस पर गेहूं खरीदी केंद्र की लापरवाही सामने आई। यहां 13-14 ट्रैक्टर गेहूं लेकर पहुंचे किसानों की तुलाई कर्मचारियों ने यह कहकर रोक दी कि "आज अवकाश है।" इससे किसान घंटों तक इंतजार करते रहे। सूचना मिलने पर नरसिंहगढ़ से विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा करीब 35 किलोमीटर का सफर तय कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी और तत्काल अधिकारियों से बात की।

#### किसानों की परेशानी, घंटों खड़े रहे ट्रैक्टर

केंद्र पर पहुंचे किसानों फूलसिंह राजपूत, रामसिंह और लखन चैहान ने बताया कि वे सुबह से तुलाई के इंतजार में खड़े थे, लेकिन कर्मचारियों ने साफ मना कर दिया। "अन्य केंद्र चालू, यहां बंद क्यों?" मौके पर पहुंचे सुदीप शर्मा ने अधिकारियों से सवाल किया कि जब अन्य खरीदी केंद्रों पर तुलाई जारी है, तो यहां काम बंद क्यों किया गया। अधिकारियों द्वारा इसे सामान्य बताने पर उन्होंने नाराजगी जताई और तुरंत व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए। इसके बाद कर्मचारियों ने तुलाई कार्य फिर से प्रारंभ कर दिया।

#### स्थानीय नेताओं की मौजूदगी

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, मंडल महामंत्री लखन राजपूत, रामेश्वर नायक, भूपेंद्र सिंह भदौरिया, अनोखी लाल कोटिया, रोहित शर्मा, रवि शर्मा, राकेश मीना और घनश्याम चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

#### किसानों की मांग

घटना के बाद किसानों ने खरीदी केंद्रों पर नियमित तुलाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। एक तरफ सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी का दावा कर रही है, दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर अव्यवस्था किसानों को परेशान कर रही है। सवाल यह है कि जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी? समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें और महायज्ञ को सफल बनाएं।